






हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 9 • अंक 118 • अप्रेल- 2015 • • मूल्य : 15/-





जयपुर में आयोजित महात्मा ज्योति बा फूले जयंती



पुष्कर में महात्मा ज्योति बा फूले मूर्ति का अनावरण



महात्मा ज्योति बा फूले की वेबसाइट की लॉचिंग करते अशोकजी



# माली समाज में सामूहिक विवाह की धूम

# महात्मा फूले जयंति समारोह की झलकियां

























RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

# माली सैनी सन्देश

• वर्ष : 9 • अंक 118 • 27, अप्रेल, 2015 • मूल्य : 15/- प्रति

**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन)
(अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति)

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

आवरण कथा

## देश भर ने किया महात्मा ज्योति बा फूले को नमन




- सम्पादकीय
- देश भर ने किया महात्मा ज्योति बा फूले को नमन
- श्री अशोक गहलोत ने की महात्मा ज्योति बा फूले की वेब साईड की लांचिंग
- देश के महान पुरोधा थे महात्मा फुले- श्री प्रभुलाल सैनी
- सामूहिक विवाह समारोह में उमड़ा समाज पेश की एकता की मिशाल
- समाज रत्न स्व. बागड़ी की पुण्यतिथि
- पर 101 युवाओं ने किया रक्तदान
- सीकर में 46 युवाओं ने किया रक्तदान
- ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज का रजत
- जयंति समारोह धूम धाम से संपन्न
- सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के सुभाष सैनी बने अध्यक्ष
- बाण माता मेले में उमड़ा आस्था का रेला, मांगी खुशहाली
- संस्था के प्रयासों से मिल रही है जरूरतमंद को मदद
- माली समाज मुंबई का क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न
- प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित
- सांवरिया सेठ ने भरा नानी बाई का मायरा

# सम्पादक की कलम से ...

देश भर से समाज की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा महात्मा ज्योति बा फूले के जन्म दिवस को धूमधाम से मनाए जाने के सामाचार प्राप्त होते है। लेकिन क्या वास्तव में हम महात्मा ज्योति बा फूले के आदर्शो पर चल रहे है ?

आप सभी ने शायद महात्मा ज्योति बा फूले की जीवनी को पढ़ा होगा या कुछ जानकारी उनके जीवन काल में किए गए महान कार्यो की होगी। अगर नहीं भी है तो आप अब यह सब जानकारी हमारे द्वारा तैयार की गई वेब-साईट www.mahatmajyotirao.org से प्राप्त कर सकते है।

हमारे समाज में जन्में महात्मा ज्योति बा फूले ने अनेकों कुरीतियों को समाप्त करने का प्रथम अवसर प्राप्त करने का गौरव प्राप्त किया था। वर्तमान में महात्मा फूले की जय जयकार के नारे लगाना और उनकी प्रतिमाओं पर फूल मालायें चढ़ाना प्रगतिशीलता का धोतक बन रहा है। आकारों की पूजा करके विचारों की उपेक्षा करने की परम्परागत प्रथा है, वही सामाजिक तथा आर्थिक पिछड़ेपन की जड़ है। हम केवल एक दिन महात्मा फूले के आदर्शो की बात कर फिर वर्षभर उनके आदर्शो के लिए कितने प्रयास करते है कभी सोचा है ?

महात्मा ज्योति बा फूले ने जो महत्वपूर्ण कार्य किये जिस पर हमारा समाज ही नहीं बल्कि पिछड़ें व उपेक्षित तबकें के लोग आज भी उनके गुणगान करते है उनके कुछ कार्य जो मानव हितार्थ किए गये थे उसमें से सबसे महत्वपूर्ण कार्य :-

1. **समाज को शिक्षित करना।**
2. **महिलाओं को शिक्षित करना।**
3. **शुद्रों, अतिशुद्रों के कल्याण के लिए कार्य करना।**
4. **भेद-भाव को समाप्त करना।**
5. **विधवा विवाह करवाना।**
6. **मजदूरों एवं किसानों के लिए अधिकारों के लिए संघर्ष करना।**
7. **परित्यागता महिलाओं को पुर्न-विवाह एवं उनको रोजगार के लिए प्रक्षिशित करना।**

इसके अलावा अनेकों ऐसे कार्यो को किया जो कि आज से 188 वर्ष पूर्व किसी ने सोचा भी नहीं था। हम विचार करें इनमें से कितने कार्यो को हमारी समाज की संस्थाओं ने हाथ में लिया है तथा उसके लिए वर्ष भर कार्य करने का श्रम किया है। शायद इसका जवाब ना ही मिलेगा कुछ अपवाद को छोड़ कर। हम सब का यह प्रयास होना चाहिए जिस महापुरूष के कर्मो से आज गौरवान्वित हो रहे है हम उनके द्वारा मानव उत्थान के लिए किए गये कार्यो का उल्लेख कर रहे है उन कामों को हाथ में ले तथा उसका विस्तृत कार्यक्रम बना कर समाज में जागृति लाने का प्रयास करे तभी हम उनके वंशज होने का गौरव होगा तथा उनको सच्ची श्रद्धाजंलि होगी।

## क्या वास्तव में हम महात्मा फूले के आर्दशों पर चल रहें है ....



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के फूले को मिले भारत रत्न अभियान की मांग को समाज की सभी संस्थाओं ने माना

# देश भर ने किया महात्मा ज्योति बा फूले को नमन

## एक साल में 3 करोड़ रूपए खर्च कर तैयार हो जाएगी मुहाना में फूल मंडी, साथ ही शुरू की श्रमिक कल्याण योजना








जयपुर। मुहाना में फूल मंडी अगले एक साल में बनकर तैयार हो जाएगी। मुहाना फल-सब्जी मंडी प्रांगण में बनाई जा रही नई फूल मंडी के निर्माण में करीब 3 करोड़ रूपए खर्च होंगे। कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने शनिवार को नई फूल मंडी का शिलान्यास किया। इसके साथ ही महात्मा ज्योतिबा फुले मण्डी श्रमिक कल्याण योजना की भी शुरूआत की गई। इस योजना से मंड में काम करने वाले महिला व पुरूष श्रमिक (पल्लेदारों) के परिवार व बच्चों के कल्याण के लिए सरकारी सहायता देने का प्रावधान किया गया है।

शिलान्यास व नई योजना की शुरूआत के दौरान सांसद रामचरण बोहरा व विधायक कैलाश वर्मा, कृषि विपणन बोर्ड के निदेशक दिनेश यादव, मंडी समिति के अध्यक्ष रूकमाबाला सोयल व उपाध्यक्ष दुर्गालाल माली भी मौजूद थे। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने मंडी प्रांगण में महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी तथा छतरी का भी लोकार्पण किया। कृषि मंत्री ने बताया कि फूल मंडी की स्थापना के लिए 3 करोड़ रूपए खर्च होंगे। एक करोड़ 29 लाख की वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी हैं इससे चारदीवारी का निर्माण, रोड़, पानी सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास करवाया जाएगा।

### सदस्यों और अध्यक्षों का बढ़ाया भत्ता

कृषि मंत्री सैनी ने मंडी समिति के सदस्यों व अध्यक्षों के भत्ता बढ़ाने की घोषणा की। अब सुपर ए और ए श्रेणी की मंडियों के अध्यक्षों को 15 हजार रूपए प्रतिमाह वाहन भत्ते के रूप में मिलेगे। इन्हें बढ़े हुए भते एक अप्रैल से मिलना शुरू हो जाएंगे।

### यह है फूल मंडी

फिलहाल फूल मंडी शहर के जनता बाजार में स्थित है। लेकिन वहां ट्रैफिफ के कारण किसान व व्यापारियों को दिक्कत होती है। ऐसे में इन दुकानों को मुहाना मंडी प्रांगण में शिफ्ट किया जाएगा। ज्योतिबा फूले फल-सब्जी मंडी समिति ने यहां पर 144 दुकानों का आवंटन किया है।

### यह है महात्मा ज्योतिबा फुले मण्डी श्रमिक कल्याण योजना

योजना के तहत महिता हमाल या पल्लेदार को दो प्रसूतियों के लिए सरकार की ओर से 45 दिन की मजदूरी के बराबर सहायता राशि दी जाएगी। पुरूष पल्लेदार और हमाल को पितृत्व अवकाश के रूप में 15 दिन अकुशल श्रमिक की मजदूरी के बराबर सहायता राशि दी जाएगी। लाइसेंसधारी महिला पल्लेदार या हमाल की दो पुत्रियों के विवाह पर बीस हजार रूपयें प्रति विवाह सहायता राशि दी जाएगी। दसवीं, बारहवीं, स्नातक और स्नातकोतर परीक्षा में प्रथम श्रेणी से पास होने वाले इनके बच्चों को भी 2 हजार रूपये से लेकर 6 हजार रूपये तक की सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही हमाल या पल्लेदार को गंभीर बीमारी होने पर 20 हजार रूपए तक की सहायता मिल सकेगी। इस योजना का फायदा लाइसेंसधार पल्लेदारों व हमालों को दिया जाएगा।

इससे पहले मुख्य कार्यक्रम विद्याभर नगर के सेक्टर-3 स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले परिसर में रखा गया। महात्मा जयोतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान की ओर से हुए इस आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत थे। सुबह ज्योतिबा फुले सर्किल स्थित फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद माली सैनी समाज के युवाओं ने वाहन रैली निकाली, जिसमें महात्मा ज्योतिबा के संदेशों को आम जन तक पहुंचाया गया। यह रैली विभिन्न मार्गो से होकर विद्याधर नगर कार्यक्रम स्थल पहुंची। शाम को यहां संगोष्ठी में मुख्य वक्ता अशोक गहलोत, रामकिशोर सैनी, बृजमोहन वर्मा समेत कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए और समाज को संगठित होने का संकल्प दिलवाया। मीडिया प्रभारी भवानीशंकर माली ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार लोगों को सम्मानित किया गया है। सामाजिक सेवा के लिए महात्मा फूल अवार्ड धनश्याम गुप्ता को, नारी शिक्षा के लिए सावित्री बाई फूले अवार्ड अमृता मौर्य को, खेल जगत में केएल सैनी अवार्ड, पुष्पेंद्र सैनी को और समाजसेवा क्षेत्र में ताराचंद चंदेल अवार्ड, जगदीश पटेल को दिया गया है।

### शोभायात्रा व प्रभातफेरी निकली

माली समाज विकास आदर्श संस्था की ओर से फुले जयंती पर शोभायात्रा व प्रभातफेरी निकाली गई। संस्था के अध्यक्ष रमेश सैनी फरमे वाले की देखरेख में शोभायात्रा अंबेडकर सर्किल से रवाना हुई। इस रथ शोभायात्रा में महात्मा फुले के जीवन पर आधारित झांकिया भी निकाली। साथ ही स्कूलों के बच्चों भी शामिल हुए। लोग ज्योतिबा फुले के सिद्धांतों पर चलने के लिए तख्तियां लिए हुए थे। शाम को मोतीडूंगरी रोड आनंदपुरी में विचार गोष्ठी क आयोजन हुआ, जिसमें भजन संध्या और जादूगर शो समेत कई आयोजन हुए।

**राजनीति को सेवा का माध्यम बनाकर सभी वर्गों की सेवा करें : सोलंकी**



जोधपुर। जेडीए के पूर्व चेयरमैन राजेंद्रसिंह सोलंकी ने कहा कि राजनीति को सेवा का माध्यम बनाएं और सभी वर्गों की सेवा कर महात्मा ज्योतिबा फुले के संदेश को सार्थक बनाएं। वे शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 188वीं जयंती के मौके पर माली संस्थान एवं सहयोगी संस्थाओं की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजेंद्र गहलोत ने ज्योतिबा फुले की नीतियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज को शिक्षित कर पिछड़ापन दूर किया जा सकता है।

सुबह महामंदिर स्थित जयोतिबा फुले पार्क में पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। इसमें पाली सांसद पीपी चौधरी, महापौर धनश्याम ओझा, जिलाप्रमुख पूनाराम चौधरी, पूर्व विधायक जुगल काबरा, राजसिको के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार, अध्यक्ष देवीचंद देवड़ा, नरेंद्र कच्छवाह, पूर्व महापौर डॉ. ओमकुमारी गहलोत, बाबूलाल पंवार, प्रेमलता परिहार सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे। माली संस्थान के अध्यक्ष देवीचंद देवड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संचालन मंत्री योगेश गहलोत ने किया। हनुमानसिंह गहलोत ने आभार जताया। कार्यक्रम में जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, नागौर, पाली, सिरोही तथा जालोर जिले के लोगों ने भाग लिया।

**51 युवक-युवतियों ने रक्तदान किया**

सुबह भाटी मेमोरियल हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 51 युवक-युवतियों ने रक्तदान किया। शिविर में मथुरादास अस्पताल व अंबिका अस्पताल की टीम ने सहयोग किया। इस मौके पर मारवाड़ में समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। इसमें जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, उप सरपंच एवं पार्षदों का सम्मान किया गया।

**जैसलमेर।** महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती रविवार को माली सैनी समाज विकास संस्थान डेडानसर रोड में हर्षोल्लास से मनाई गई। जिलाध्यक्ष मेघराज परिहार ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला प्रमुख रेणुका भाटी ने कहा कि महिला शिक्षकों की कमी है। अब देश का नेतृत्व महिलाओं के हाथ में है, जिसका परिणाम जिले में जिला प्रमुख, नगरपरिषद् की सभापति, दो पंचायत समितियों के प्रधान कई जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच व पंच महिला निर्वाचित हैं। महात्मा ज्योतिबा फुले ने उस समय शिक्षा का बढ़ावा देकर अपनी धर्मपत्नी सावित्री बाई को अध्यापिका बनाया था।



**पोकरण।** चामुंडा माता मंदिर में शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। जयंती समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि पार्षद भणियाणा नायब तहसीलदार आईदान पंवार उपस्थित थे। वहीं समारोह की कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिकाध्यक्ष छोटेश्वरी माली ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में माली यूथ क्लब के अध्यक्ष गजेन्द्र कुमार सोलंकी, संत लिखमीदास संस्थान के अध्यक्क्ष नेमीचंद सोलंकी माली युवा बिग्रेड के अध्यक्ष जितेन्द्र सोलंकी उपस्थित थे। इससे पहले महात्मा ज्योतिबा फूले की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरूआत की गई।



**जालौर।** माली समाज सेवा संस्थान की ओर से शनिवार को महात्मा ज्याति बा फूले की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए माली समाज महासमिति के अध्यक्ष भभूताराम सोलंकी ने कहा कि महात्मा फूले जैसे महान व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर हर व्यक्ति को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने चाहिए। उन्होंने पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की बात कही।

**सांचौर।** माली समाज धर्मशाला प्रांगण में शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके समाज के वरिष्ठ लोगों ने समाज में शिक्षा के प्रचार-प्रसार, कुरीतियों को मिटाने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने व नशा मुक्ति पर जोर दिया। वहीं जयंती के दिन राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर समाज के लोगों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

**करौली।** ज्योतिबा फुले माध्यमिक विद्यालय रीको में शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 188वीं जयंती मनाई गई। इसमें तीन वर्गो में प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। विद्यालय निदेशक हेमराज सिंह माली ने बताया कि

कक्षा 3 से 6 तक के वर्गो में कला प्रतियोगिता एवं कक्षा 7 से 9 तक निबंध प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। कला प्रतियोगिता में प्रथम वर्ग में रीना सैनी ने प्रथम, मीना सैनी ने द्वितीय एवं रेशन सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं द्वितीय वग्र में लक्ष्मी सैनी ने प्रथम स्थान, आशा सैनी ने द्वितीय स्थान एवं राहुल सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार तृतीय वर्ग की निबंध प्रतियोगिता में भावना सैनी ने प्रथम, नीलम सैनी ने द्वितीय एवं मनीषा गुर्जर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया प्रतियोगिता में लगभग 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

**हिंडौन सिटी।** माली सेनी समाज की ओर से शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह मनाया गया। इस अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महात्मा ज्योतिबा फुले के जन्म से जुड़ी झांकियों के साथ कई आकर्षक झांकियां शामिल थीं। इस अवसर पर समाज की ओर से आयोजित समारोह में समाज की प्रतिभाओं और जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। माली-सैनी समाज के अध्यक्ष मोहर सिंह सैनी एवं संयोजक बद्रीप्रसाद सैनी ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर प्रहलाद कुंड से शोभायात्रा प्रारंभ हुई। इससे पहले प्रहलाद कुंड पर आयोजित समारोह में भामाशाहों की ओर से माला और ध्वजों की बोली लगाई गई। इस अवसर पर भामाशाहों का माला और साफा पहनाकर सम्मान किया गया।





**दौसा।** ज्योतिबा फुले जयंती शनिवार को जिले में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर माली सैनी समाज की ओर से शहर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा ओंकारेश्वर मंदिर से रवाना होकर सुंदरदासम मार्ग, मानगंज, नाया कटला, लालसोट रोड, गांधी तिराह, आगरा रोड, सोमनाथ चौराहा होते हुए गणेशपुरा रोड स्थित समाज के छात्रावास पर पहुंची। इस बीच लोगों ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया। गणेशपुरा रोड स्थित सैनी समाज के छात्रावास पर जयंती समारोह आयोजित हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद हरीश मीणा ने कहा कि शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है। उन्होंने लोगों से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने को कहा। पीएचईडी के प्रमुख शासन सचिव व जिला प्रभारी सचिव ओ.पी.सैनी ने कहा कि महात्मा फुले के सिद्धांतों पर चलकर समाज शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। धावक गोपाल सैनी, जिला खेल अधिकारी मोहनलाल सैनी, रोडवेज आगार के मुख्य प्रबंधक पवन कुमार सैनी, सिकराय प्रधान बादाम सैनी व सरपंच किरण डोरिया ने भी विचार व्यक्त किए। सैनी समाज के अध्यक्ष शंकर लाल सैनी, महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान के अध्यक्ष गोविंद नारायण सैनी ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में प्रतियोगिताओं में विजेता रहे बालकों को पारितोषिक दिए गए। कालूराम सैनी, बनवारी लाल सैनी, कन्हैयालाल सैनी, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रभुदयाल सैनी सहित समाज के सैकड़ों लोगों ने समारोह में शिरकत की।

**शोभायात्रा में गूंजे फुले क जयकारे**



**ब्यावर।** महिला शिक्षा के क्षेत्र मां अलख जगाकर सामाजिक उत्थान करने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर नारी शक्ति का संगम हुआ। लाल चुनरी में कलश व श्रीफल लिए महिलाओं ने शोभायात्रा निकाली। करीब 1100 से ज्यादा महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मालियान चौपड़ से शुरू हुई शोभायात्रा सूरजपोल गेट पर दूसरे ग्रुप के साथ मिला।

महात्मा ज्योतिबा फुले युवा सामाजिक शिक्षण समिति के तत्वावधान में शनिवार सुबह फुले जयंती मनाई गई। सतपुलिया स्थित फुले सर्किल पर दुग्धाभिषेक एवं माल्यापर्ण के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। शिक्षण समिति के तत्वावधान में अखिल भारतीय माली सैनी युवा मोर्चा की ओर से अखिल भारतीय माली सैनी युवा मोर्चा की ओर से शाहपुरा मोहल्ला पंचायत पर जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। विधायक शंकरसिंह रावत व सभापति बबीता चौहान समेत समाज की चारों पंचायतों के अध्यक्षों ने कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पार्षद शशि सोलंकी व नूतन गहलोत के नेतृत्व में हाथी, घोड़ों, ऊंटों के साथ 1100 कलशों की शोभायात्रा शाहपुरा मोहल्ला शुरू हुई। शोभायात्रा लोहरान चौपड़, भारत माता सर्किल, सुभाष उद्यान होकर सूरजपोल गेट स्थित प्रसन्न गणपति मंदिर पहुंची। जहां से कलश यात्रा का दूसरा ग्रुप शामिल होकर मुरलीधर भगवान मंदिर बड़ाबास होते हुए महादेव छत्री, सुभाष चौक, भगत चौराहा होते हुए फुले सर्किल पहुंची। शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण-राधा व बेटी बचाओं जैसी आकर्षक झांकिया शामिल की गई। जहां सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। कलश यात्रा का समाज बंधुओं व विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह स्वागत द्वार लगाकर व पुष्पवर्षो कर स्वागत किया गया।

इस दौरान बड़ाबास पंचायत अध्यक्ष मदनलाल सोलंकी, शाहपुरा पंचायत अध्यक्ष भागचंद चौहान, छावनी पंचायत अध्यक्ष प्रमोद सांखला, फुलपुरा पंचायत अध्या सत्यनारायण पालड़िया, महात्मा ज्योतिबा फुले युवा सामाजिक शिक्षण समिति के अध्यक्ष पूरण दगदी, अखिल भारतीय माली सैनी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बद्री सामरिया, प्रो. मंदरूप देवड़ा, बद्रीलाल चौहान, सुंदर मामा, गोपाल गहलोत,



डूंगरमल सांखला, मदनलाल सोलंकी, फोटोग्राफर गोपाल सांखला, दिनेश भाटी समेत पदाधिकारियों ने व्यवस्थाएं संभाली।

**स्वागत में बिछाए पलक-पावड़े :** शोभायात्रा का स्वागत करने के लिए माली समाज के अलावा विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक व गैर राजनैतिक संगठनों की ओर स्वागत किया गया। अखिल भारतीय माली सैनी युवा मोर्चा, पाली बाजार एसोसिएशन, वाल्मीकि सेना के संदीप जॉय, विश्व हिंदू परिषद, पार्षद दल व उपसभापति ने स्वागत किया। इस मौके पर अजय चौहान, दुर्गेश सैनी, ईलू सामरिया, रमेश महावर, नानकराम गहलोत, जे.पी. चौहान, पवन गहलोत, महेश दगदी समेत अनेक सदस्यों ने व्यवस्थाएं संभाली।

**दीपदान हुआ, बही भजन सरिता :** कार्यक्रम के पश्चात शाम को सतपुलिया स्थित महात्मा जयोतिबा फुले सर्किल पर दीपदान किया गया। जगमन रोशन से सर्किल की आकर्षक सजावट की गई। इसके पश्चात् आतिशबाजी की गई। शाम को सुंदर मामा एंड पार्टी और के. सुदामा एंड पार्टी की ओर से भजन संध्या का आयोजन किया गया।

## राधेश्याम दांगी को मिला महात्मा ज्योतिबा फुले सम्मान




**भोपाल।** राजधानी में महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले सम्मान समारोह शनिवार को गांधी भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डीबी स्टार के पत्रकार राधेश्याम दांगी को लेखन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए ज्योतिबा फुले सम्मान से सम्मानित किया गया। इनके अलावा छतरपुर के राजेश मेहतो चौरसिया, यर्तींद्र नाथ यादव राही, सीएल पंचाल, रामकुमार राय, प्रकाश सिंह धाकड़, आरपी पटेल, गजानंद भाटी, हेमराज साहू, बैजनाथ पटेल, राजेश कुमार भट्ट, संजीव कुमार को सम्मानित किया गया, वहीं महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य के लिए सावित्री फुले से सम्मानित किया गया इसमें कुसुम कुशवाहा, शशिकला खत्री, रीता जागसवाल शामिल है।

**उदयपुर।** महात्मा ज्योति बा फूले की जयंती पर माली समाज व संस्थाओं की ओर से रविवार को कई आयोजन हुए। एक ओर सम्मान समारोह हुआ, वहीं दूसरी ओर फूलमाली समाज हाथीपोल शाखा संस्थान की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। ज्योति बा फूले संस्थान की ओर से आयोजित जयंती समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में विजयी जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सांसद अर्जुनलाल मीणा थे। अध्यक्ष मोतीलाल सांखला ने की। संस्थापक दिनेश माली ने स्वागत उद्बोधन दिया। फूलमाली समाज, हाथीपोल शाखा संस्थान द्वारा रविवार दोपहर सौ फीट रोड स्थित नंद भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इसमें 76 जनों ने रक्तदान किया, वहीं 170 जनों ने पंजीयन करवाया। इसी मौके पर चिकित्सा व जांच की व्यवस्था भी की गई, जिसमें समाजजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने चिकित्सा जागरूकता पोस्टर प्रदर्शित किए।

**अजमेर।** महात्मा ज्योतिबा फुले की 188वीं जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को माली समाज सहित विभिन्न संगठनों की ओर से उन्हें नमन किया गया।



उनकी प्रतिमा और चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए और उकने बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

माली (सैनी) संस्थान के पदाधिकारियों ने अजमेर क्लब स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए नारे लगाए। मुख्य अतिथि शिक्षा राज्यमंत्री वासुदेव देवनानी की उपस्थिति में सदस्यों ने डाक बंगले पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में भाग लिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजेश भाटी, धर्मेंद्र टांक, सतीश सैनी, प्रदीप कच्दावा, सुनील मालाकार, अशोक तंवर, शेरसिंह सिसोदिया, अरविंद सिसोदिया अदि उपस्थित थे। इसी प्रकार अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद के सदस्यों ने भी माल्यार्पण कर नारे लगाए। अध्यक्ष पूनम चंद ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने में पूरा जीवन लगा दिया। इस अवसर पर शिक्षा राज्यमंत्री वासुदेव देवनानी, पूर्व मेयर धर्मेंद्र गहलोत, प्रेमराज सोलंकी, बलवीर सिंह पालरिया, प्रदीप कच्छावा, सतीश सैनी, महेश चंद, अरविंद, सोमरत्न आर्य, डॉ. जसराज जयपाल आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर शाम को वाहन रैली, आरती, विचर गोष्ठी व आतिशबाजी की गई।

माली (सैनी) समाज एकत मंच द्वारा संस्था पदाधिकारियों ने भी महात्मा फुले की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया। शाम को वाहन रैली सैनी पब्लिक स्कूल से ज्योतिबा फुले सर्किल तक निकली गई। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष सुभाष गहलोत, संरक्षक महेश चौहान, कोषाध्यक्ष हेमराज, दिनेश चौहान, सुनीता चौहान,

आशा तुंदवाल, माय गहलोत, बालमुकुंद आदि उपस्थित थे।

मंच के महमंत्री अजय सैनी ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के प्रदेशाध्यक्ष सेवाराम दग्दी व सैनी सेवा सदन के अध्यक्ष ओंकारराम कच्छावा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेस क्लब के संरक्षक नाथूराम शर्मा थे। इसके अलावा मंच के राष्ट्रीय महासचिव ताराचंद गहलोत तथा देवनगर पंचायत के सरपंच बीरमलाल सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। अतिथियों ने महात्मा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में ज्योतिबा फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे युग पुरूष थे तथा उन्होंने दलितों व पिछड़ों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

**बस्सी।** कस्बे के माली मोहल्ला स्थित सीताराम मंदिर में फूले सेना, बस्सी के तत्वावधान में साक्षरता आंदोलन के प्रवर्तक महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई



गई। समारोह की शुरूआत महात्मा ज्योतिबा फूले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया। समारोह की अध्यक्षता जगदीश प्रसाद सैनी अध्यक्ष माली समाज विकास संस्थान बस्सी नें की। समारोह में पधारे हुए सभी लोगो ने पुष्पाजंली अर्पित कर फूले को नमन किया। इस दौरान श्रवण लाल सैनी नें महात्मा ज्योतिबा फूले की जीवन परिचय से अवगत कराया। ओर कहा कि फूले सेना को समाज में व्याप्त कुरूतियो को उखाड फेंकने का संकल्प लेना होगा। समारोह शारदा पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राएं भी उपस्थित रही। समारोह के अंत मे फूले सेना के संयोजक विनोद कुमार सैनी ने पधारे हुए सभी अतिथियो का धन्यवाद के साथ अभिवादन किया। ओर संस्थान के पदाधिकारियो द्वारा रखी गई पहल को साकार करने की बात कही। इस मौके पर माली समाज विकास संस्थान बस्सी के उपाध्यक्ष मुन्ना लाल सैनी, सचिव बाबू लाल सैनी, कोषाध्यक्ष सीताराम सैनी, प्रवक्ता श्रवण लाल सैनी सहित फूले सेना के सभी सदस्यगण उपस्थित रहें।



पुना में महात्मा ज्योति बा फूले की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित करते समाजबंधु



आसोप में रक्तदान करते ग्रामीण



अलवर. फुले जयंती पर विचार गोष्ठी में बात रखते वक्ता।







नासिक में आयोजित महात्मा ज्योति बा फूले जयंति समारोह में महिला शक्ति

## माली सैनी संदेश द्वारा तैयार की गई महात्मा फूले की पहली हिंदी वेब-साईट

# श्री अशोक गहलोत ने की महात्मा ज्योति बा फूले की वेब साईड की लॉचिंग





जयपुर। महात्मा ज्योति बा फूले के 188वे जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने महात्मा ज्योति बा फूले के जीवन व उनके जीवन काल की विस्तृत जानकारी की वेबसाईड www.mahatmajyotirao.org की लांचिंग की।

इस अवसर पर गहलोत ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने गरीबों एवं पिछड़ों के सामाजिक तथा आर्थिक उत्थान के लिए जीवनभर संघर्ष किया था। उन्होंने पिछड़ों, कमजोर व वंचित वर्ग के विकास के लिए शिक्षा को महत्वपूर्ण बताया था आज से 188वर्ष पूर्व उनके द्वारा किये गये कार्यो की जानकारी वेबसाईड के जरिए सब वर्गो को मिलेगी।

इस अवसर पर माली सैनी संदेश के संपादक मनीष गहलोत ने वेबसाईड बनाने के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ज्योति बा फूले के बारे में अभी तक पूरी जानकारी इंटरनेट पर उपलब्ध नहीं थी। यह पहली वेबसाईड हे जो कि ज्योति बा फूले के जीवन वृंतात पर बनी है। जिसमें उनके जीवन काल में किए गए संघर्ष का विस्तृत विवरण होने के साथ ही उनके जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं की विस्तृत जानकारी है साथ ही उनके जीवन की संक्षिप्त चित्रावली को स्केच के माध्यम से भी दर्शाया गया है। उनके निवास स्थान की जानकारी सचित्र प्रस्तुत की गई है।

पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने वेब-साईट में दी गई जानकारी की विस्तृत विवरण को देख कर कहा कि यह प्रयास अति उत्तम है हम महात्मा फूले आदर्शो के बारे में युवाओं एवं सभी वर्गो को इस माध्यम से हर जगह पंहुचा सकते है। श्री गहलोत ने वेब साईट में महात्मा फूले के निवास एवं उनकी प्रतिमाओं तथा महात्मा फूले एवं सावित्री बाई फूले पर सरकार द्वारा जारी किये गए डाक टिकटों के संग्रहण की भी सरहाना की। उन्होंने वेब-साईट में दी गई जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की बात कही तथा साथ ही इसे और उपयोगी कैसे बनाया जा सके इसके लिए भी प्रयास करने की बात कही।

वर्तमान युग में इंटरनेट के माध्यम से उनके जीवन से समाज प्रेरणा ले समाज उत्थान एवं महिला शिक्षा के प्रति जागरूक होगा। इस अवसर पर नरपत सिंह सांखला, आनंद सिंह, विनोद सैनी, पवित्र, रामेश्वर गहलोत भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर माली सैनी संदेश की और से श्री अशोक गहलोत को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। माली सैनी संदेश परिवार श्री अशोक गहलोत का आभार प्रकट करता है कि अपनी अस्वस्थता के बावजूद श्री गहलोत ने न केवल वेब-साईट की लॉचिंग की उसमें उपलब्ध जानकारियों को भी देखा तथा माली सैनी संदेश के 10 वर्षो के सफरनामें के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर इस पत्रिका के निरंतर प्रकाशन की मंगलकामना की।






माली सैनी पत्रिका के कलैण्डर में दस वर्षो के सफरनामें का अवलोकन करते। पत्रिका परिवार द्वारा श्री अशोक गहलोत को स्मृति चिन्ह प्रदान भेंट किया गया।

## महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिभा का अनावरण

# देश के महान पुरोधा थे महात्मा फुले– श्री प्रभुलाल सैनी






पुष्कर। राज्य के कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रभुलाल सैनी ने कहा कि महात्मा फुले केवल माली समाज के ही नहीं बल्कि पूरे भारत देश के महान पुरोधा थे।

सैनी गुरूवार को मालियान मंदिर में स्थापित महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा के अनावर एवं मंदिर में समाज के नव निर्मित भवन के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फुले ने ज्ञान की ज्योति का दीप जलाकर समाज में उजाला फैलाने का कार्य किया।

कार्यक्रम में स्वागत समिति के अध्यक्ष औंकार राम कच्छावा, भंवर लाल मालाकार, बाबूलाल दग्दी, संजय दग्दी, पुष्कर नारायण भाटी, नितेश गहलोत, पूनम नारायण भाटी, नितेश गहलोत, पूनम चंद मारोठिया, हनुमान सिंगोदिया, अजय सेनी, रूप चंद मारोठिया, पूनम चंद तुंदवाल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर माली समाज के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत ने समाज में विभिन्न जिलों में समाज भवनों, धर्मशालाओं एवं छात्रावासों की बढ़ती संख्या पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में जो कार्य हो रहे है उससे भावी पीढ़ी प्रेरणा ले तथा समाज की इन धरोहर को संरक्षण करने के साथ ही इनका ज्यादा से ज्यादा उपयोग शिक्षा एवं समाज सुधार हेतु ले तभी हम महात्मा ज्योति बा फूले के 188 वर्ष पूर्व किये गये महान कार्यो से उनको सच्ची श्रद्धाजंलि दे सकते है। उन्होंने इस अवसर पर दानदाताओं का बहुमान किया तथा कहा कि समाज में दानदाताओं की कोई कमी नहीं है सही काम के लिए सहयोग करने वालों की कमी नहीं है उन्होंने संस्थान अध्यक्ष श्री ऊंकारराम कच्छवाहा का विशेष आभार प्रकट किया जिनके प्रयासों से पुष्कर में इस ऐतिहासिक धरोहर का नया रूप देखने को मिला।

इस अवसर ऑल इण्डिया माली समाज की अध्यक्षा श्रीमती अल्का सैनी ने संस्थान के प्रयासों की सराहना की तथा महिलाओं के स्वावलंबन हेतु समाज में कार्य करने की बात कही उन्होंने देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले को अपना आदर्श मान समाज में शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने की बात कही। साथ ही समाज के विभिन्न स्तरों पर हो रहे आयोजनों की भी प्रंशसा की।

इस अवसर पर महात्मा ज्योति बा फूले की पड़पोत्र वधु श्रीमती नीतू फूले ने भी अपने विचार रखे तथा समाज में हो रहे बदलाव के लिए महात्मा ज्योति बा फूले द्वारा सामाजिक सुधार की जो ज्योत जलाई गई उसे अनवरत समाज सुधार एवं समाज ही नहीं वरन् अन्य पिछड़ों के उत्थान हेतु कार्य करने की बात कही। उन्होंने समाज के भवन में महात्मा ज्योति बा फूले की प्रतिमा लगवाने के लिए संस्थान ही नहीं दानदाता श्री श्रीराम परिहार एवं उनके परिवार का आभार प्रकट किया जिन्होंने महात्मा फूले का सच्ची सौगात दी उन्होंने महात्मा सभी से महात्मा फूले के आदर्शो को अपनाने की बात कही।

वरिष्ठ समाजसेवी मोतीबाबा ने समाज को एकसूत्र में बांधने की बात कही तथासमाज के विभिन्न अंचलों में समाज सेवियों द्वारा किये जारहे आयोजनों से समाज में जो जागृति आ रही है उससे समाज की राजनीति में दिशा तय होनी की बात कही। उन्होंने समाज के भामाशाहों द्वारा समय समय पर समाज उत्थान हेतु मुक्त हाथों से दिए जा रहे आर्थिक सहयोग हेतु आभार प्रकट किया।

संस्थान के अध्यक्ष श्री ऊंकारराम कच्छवाह ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए समाज के इस भवन में किये गए कार्यो का ब्यौरा दिया साथ ही दानदाताओं का बहुमान किया जिनके आर्थिक सहयोग से यह भवन आज अपनी अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि समाज में महात्मा ज्योति बा फूले के सिद्धान्तों को अपनाने की जरूरत है महात्मा फूले ने सैकड़ों वर्ष पूर्व जो शिक्षा एवं सामाजिक सुधार के कार्यो की शुरूआत की उसे आज हम सब मिलकर आगे बढ़ाये तभी हमें उनके वंशज होने पर गर्व होगा।

इस अवसर पर विभिन्न जिलों से विजयीश्री प्राप्त करने वाले प्रधान, उपप्रधान, सरपंच, वार्ड पंच, पार्षदों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ ही संस्थान को आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले दानदाताओं का भी सम्मान किया गया। समारोह में पधारे सभी आगंतुकों ने भवन का अवलोकन कर उपलब्ध सुविधाओं के लिए समस्त कार्यकारिणी का आभार प्रकट किया। मंच संचालन ताराचंद गहलोत ने किया।

## माली सैनी समाज में सामूहिक विवाहों की धूम 362 जोड़ो बंधे परिणय सूत्र में

# सामूहिक विवाह समारोह में उमड़ा समाज पेश की एकता की मिशाल

## सोजत माली समाज ने रचा इतिहास, समाज के 117 जोड़ों का हुआ विवाह





### सोजत सिटी में 117 जोड़ों की निकली बिंदोली देखने उमड़े शहरवासी

सोजत। नाचते-गाते बाराती व धराती, बैंड बाजों की गूंजती मधुर स्वर लहरियां, डीजे की धुन पर थिरकते युवा, फिजां में गूंजते विवाह के मंगलगीत। मौका था रविवार को माली समाज सोजत द्वारा मंगलवार को आयोजित किए जा रहे छठे सामूहिक विवाह सम्मेलन के तहत निकाली गई बिंदाली का। बिंदोली के मुख्य बाजार में प्रवेश करने पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया। तेज गर्मी के बावजूद माली समाज के लोगों को उत्साह कम नहीं हुआ। इसके अलावा शहरवासी भी इस आयोजन को सफल बनाने केलिए तत्पर नजर आए। बिंदोली अपने निर्धारित समय सवेरे 10.30 बजे पाली रोड स्थित सोनाणा भैरू मंदिर से रवाना हुई, जो करीब दो किलोमीटर लंबी थी।



### कुछ यूं रहा बिंदोली का नजारा

बिंदोली में सबसे आगे ऊंट, उसके बाद संत लिखमीदास महाराज व महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर की झांकी, उसके आगे बैंड बाजों की गूंजती मधुर स्वर लहरिया तथा उसके बाद ट्रैक्टरों में बैठे दो-दो नव बुगलों के जोड़ों। 60 ट्रैक्टरों में 117 जोड़ों को बैठाया गया। हर पंद्रह जोड़ों केबाद बैंड बाजों का यहीं क्रम। उसके बाद चंग की थाप पर नाचते गैरिये व खुली जीप में पुष्पवर्षा करते माली समाज के लोग। इस मौके पर अध्यक्ष ताराचंद टांक, सामूहिक विवाह समिति के संयोजक लक्ष्मणराम गहलोत, माली समाज के उपाध्यक्ष मदन छोटेवाला, धर्मवीर गहलोत, समाज सेवी ढगलाराम सांखला, राजेंद्र चौहान, राजेंद्र टांक, भामाशाह चुतराराम गहलोत, रामचंद्र पालरिया, केवलचंद टांक, ताराचंद टांक, मिश्रीलाल पालरिया आदि मौजूद थे। वहीं मुख्य बाजार में सोजत विधायक संजना आगरी, मंडल अध्यक्ष सोहनलाल टांक, पार्षद श्यामसुंदर माहेश्वरी, जुगलकिशोर निकुम, युवा मोर्चा के राजेश अग्रवाल, सुरेश चंद सुराणा, पूनमचंद टांक, सोहन मेवाड़ा, श्यामसिंह चौहान, मदन गहलोत सहित कई भाजपा के पदाधिकारियों ने पुष्पवर्षा कर नव युगलों का स्वागत किया।

### सोजत में माली समाज के भवन का उद्घाटन

सोजत। समस्त माली समाज सोजत सिटी के जैतारणिया दरवाजा स्थित नवनिर्मित समाज भवन का सोमवार को समारोहपूर्वक लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर सामूहिक विवाह तथा समाज भवन के निर्माण एवं इस परिसर में आगामी आवश्यक कार्यो के लिए जरूरी निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग देने वाले समाज बहुमान किया गया, जिन्होंने हर प्रकाश से अपना सहयोग दिया। प्रारंभ में मालीी समजा सोजत के अध्यक्ष एडवोकेट ताराचंद टांक, सामूहिक विवाह समिति के संजोयक लक्ष्मणराम गहलोत, उपाध्यक्ष मदन छोटेवाला, सचिव धर्मवीर गहलोत, संगठन मंत्री राजेंद्र चौहान एवं समाज के चौधरीगणों की उपस्थिति में ढोल-ढमाकों के साथ भामाशाह चुतराराम गहलोत व अजयसिंह कच्छवाह का बधारणा किया। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ समाज के नवनिर्मित भवन का फीता काट कर उद्घाटन किया। इस दौरान माली समाज के संत लिखमीदास महाराज व ज्योतिबा फुले के अलावा समाज एकता के नारे गूंजते

रहे। तत्पश्चात पांडाल में भामाशाहों को सम्मान समारोह शुरू हुआ।

## घोषणाओं की लग गई झड़ी

कार्यक्रम में समाज के परिसर में नए निर्माण कार्यो के लिए आर्थिक सहयोग की घोषणाओं का अंबार सा लग गया। सोराल परिवार की ओर से नई भोजनशाला निर्माण के लिए 11 लाख रूपए की घोषणा की गई। वहीं मदन छोटेवाला की ओर से 6 लाख, मदन टांक चैन्नई की ओर से 5 लाख के अलावा अन्य आर्थिक सहयोग की घोषणाएं बीच-बीच में होती रही।

## परमार्थ के कार्यो में लगाए धन : टाक

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माली समाज के अध्यक्ष ताराचंद टाक ने सामूहिक विवाह को भामाशाहों द्वारा नि:शुल्क करने की अपील पर मंगलवार को 117 नवयुगल अपनी जिंदगी की नई शुरूआत की। किसी बेटी के हाथ पीले करना बहुत ही परमार्थ का कार्य है। हमें हमारे बच्चों को शिक्षा से परिपूर्ण कर समाज ही नहीं, गांव ही नहीं पूरे देश में वे नाम रोशन कर सके। टांक ने कहा कि समाज को संगठित रहना समय की आवश्यकता है। सामूहिक विवाह के भामाशाह चुतराराम गहलोत व अजयसिंह कच्छवाह का आयोजन समिति के ताराचंद टांक व लक्ष्मणराम गहलोत द्वारा साफा, माला व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात संपूर्ण आयोजन के दौरान भोजन का खर्च उठाने वाले माली समाज तमिलनाडु सोजत पट्टी के पारसमल परिहार का भी बहुमान किया गया।



## वैदिक मंत्रोचार के साथ हुआ संपन्न हुआ विवाह

माली समाज द्वारा आयोजित 117 जोड़ों का सामूहिक विवाह वैदिक मंत्रोचार के साथ संपन्न हुआ। नए वैवाहिक जीवन की शुरूआत करने वाले इन नव युगलों को आशीर्वाद देने के लिए माली समाज सहित सैकड़ों की संख्या में शहर के प्रबुद्धजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आयोजन के तहत 117 जोड़ों के सामूहिक वरमाला व स्टेज कार्यक्रम में नव युगलों ने एक-दूसरे को वरमाला पहना कर अपना जीवन साथी स्वीकार किया।

सामूहिक विवाह में महिलाओं ने मंगल गीत गाए। तत्पश्चात चंवरी के कार्यक्रम में सभी ने अग्नि के समक्ष फेरे लिए। सामूहिक विवाह के बाद सभी वर पधुओं को उनकी गृहस्थी का सामान प्रदान किया गया। ढ़ोल ढ़मकों के साथ सभी का विदाई दी गई। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष आनंद भाटी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मांगीलाल चौहान, दिनेश टाक डीडी, पार्षद नैनाराम टांक, कानाराम टांक, भोमाराम गहलोत, मनीष पालरिया, नारायण टाक, मिश्रीलाल सांखला, राजेश तंवर सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद थे।

## समारोह में ये रहे मौजूद

नगर पालिकाध्यक्ष मोहनलाल टांक, मेहंदी व्यापार संघ के अध्यक्ष मोहनलाल टांक एमएलटी, पूर्व पालिकाध्यक्ष आनंद भाटी, मंगलाराम डीडी, भाजपा नेता मांगीलाल चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष सोहनलाल टांक, उपाध्यक्ष नरेन्द्र टांक, राजेंद्र टांक, डॉ. खीवराज सांखला, कैलाशचन्द सांखला पाली, दिनेश टांक डीडी आदि मौजूद थे।

## इन्होंने भी दिया सहयोग

नगर पालिकाध्यक्ष मोहनलाल टांक, पूर्व पालिकाध्यक्षय आनंद भाटी, उपाध्यक्ष नरेंद्र टांक, उद्यमी चंद्रप्रकाश गहलोत, सुनील गहलोत, मिश्रीलाल सांखला, हेमाराम भाटी, संपतराज गहलोत, सुरेश गहलोत, जगदीश परिहार, रामलाल सांखला, प्रकाश तंवर, समाज सेवी गोरधनलाल गहलोत, राजकुमार टांक, धनश्याम टांक, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष पालरिया, छात्रनेता



मनीष सोलंकी, राहुल तंवर सहित कई समाज बंधुओं का सहयोग रहा।

## 106 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

कोटा। फूल माली सैनी समाज सम्मेलन में मंगलवार 21 अप्रेल को कुन्हाड़ी क्षेत्र स्थित पार्वती नगर में किया आयोजित किया गया सम्मेलन में समाज के106 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। सम्मेलन में प्रत्येक जोड़े का आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने घर आंगन में एक पौधा लगाने व बालिका शिक्षा के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री राकेश सैनी ने बताया कि सम्मेलन में हाड़ौती भर से लोग पहुंचे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा, कोटा उत्तर के विधाक प्रहलाद गुंजल, मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डा. जीएल वर्मा, सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक्स के अध्यक्ष सुभाष सैनी आयोजन समिति के महामंत्री नंदकिशोर बंशीवाल ने नव दम्पतियों को आशीर्वाद दिया।

## लावा में माली समाज के 70 जोड़ों परिणय सूत्र में बंधे

मालापुरा। लावा गांव में सोमवार को अखिल फुले माली सैनी समाज के तत्वावधान में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाज के 70 युवक युवतियों ने एक दूसरे को अपना जीवन साथी स्वीकार किया। सम्मेलन में हजारों समाज बंधु उमड़े। इससे पहले लावा में वर वधुओं की विशाल निकासी निकाली गई। बैंड बाजों के लवाजमें के साथ निकाली गांव में भ्रमण करने के बाद विवाह स्थल पहुंची। जहां तोरण की रस्म अदा की गई। तोरण के बाद सामूहिक फेरे कराए गए। माली समाज सामूहिक विवाह आयोजन समिति के अध्यक्ष छीतरलाल करोड़वाल व महामंत्री भंवर लाल करोड़ीवाल, संयोजक हनुमान करोड़ीवाल तथा उपाध्यक्ष जगदीश सैनी धुवरिया ने बताया कि सम्मेलन में विवाह करने वाले नव





विवाहितों को समिति की ओर से सभी आवश्यक सामान उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। चांदी व सोने के आभूषण व घरेलू सामान के अलावा बेड गद्दे व रजाई कपड़े सहित तमाम जरूरी चीजे वधु को उपहार स्वरूप प्रदान कर विदाई दी गई। विधि सलाहकार एडवोकेट कन्हैयालाल सैनी के अनुसार सम्मलेन में विवाह करने वाले जोड़ों को समिति कीओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। सम्मेलन में टोंक जिले सहित प्रदेश के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## शिवगंज में माली समाज के 31 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में बारातियों का हुआ स्वागत, निभाई रस्में

शिवगंज। शहर से करीब 13 किमी दूर कांबेश्वर महादेव तीर्थधाम पर मंगलवार को माली समाज के 31 नव युगल सामूहिक रूप से परिणय सूत्र में बंधु। सामूहिक विवाह आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं ने सवेरे 7 बजे शिवद्वार पर पुष्प देकर सभी बारातियों का स्वागत किया तथा सामैला, मिलनी, तोरण टीकने की रस्में निभाई गई। इसके बाद सुबह सवा दस बजे सभी दूल्हे व दुल्हनें सामूहिक रूप से सात फेरे लेकर जीवन साथी बने।

सामूहिक विवाह का यह चौथा आयोजन हुआ। इसके पहले भी कांबेश्वर महादेव धाम पर ही तीन आयोजन हुए थे। विवाह स्थल पर आयोजन समिति की ओर से बारातियों की सुविधाओं के लिए पार्किंग स्थल, दूल्हों, दुल्हनों ओर उनके परिजनों, रिश्तेदारों के ठहराव व नाश्ता भोजन, चिकित्सा आदि व्यवस्था की गई थी। माली समाज के पाचं परगनों की ओर से सामूहिक विवाह आयोजन केलिए रही थी और तीन महीने से इसकी तैयारियां चल रही थी और तीन बार समाज के



पंचों की बैठक बुलाई गई, जिसमें विवाह आयोजन की तैयारियों के साथ उपहार सामग्री के लिए दानदाताओं को प्रेरित किया गया।

## माली समाज के 26 जोड़ों ने एक साथ लिए फेरे



## समाज का सैलाब उमड़ा

मेड़ता सिटी। अमृत सागर कॉलोनी में मेड़ता माली समाज एवं महात्मा ज्योतिबा फुले माली सैनी समाज संस्थान के तत्वावधान में मंगलवार को माली समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 26 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर नए जीवन की शुरूआत की। सम्मेलन में जोड़ों ने अग्नि के सात फेरे लेने के लिए 26 दूल्हे घोड़ी पर सवार होकर सुबह 10 बजे सोजती गेट माली समाज भवन से गाजे-बाजे के साथ सामूहिक रूप से रवाना हुए। बंदौली दूल्हे के साथियों के साथ झूमते-नाचते विवाह स्थल अमृत कॉलोनी पहुंची। यहां सजी-संवरी दुल्हनें उनका इंतजार कर रही थी। जब सभी दुल्हनें उनका इंतजार कर रही थी। जब सभी दुल्हों ने विवाह स्थल पर सामूहिक रूप से एक साथ तोरण मारा तो पूरे समाज में उमंग नजर आई।

एक बजे के लगभग सभी दुल्हे-दुल्हनों ने विद्वान पंडितों न मंत्रोचचार के साथ जनम जनम का साथ निभाने के लिए वचन दिलाया। दूल्हा-दुल्हनों ने अग्नि को साक्षी मानकर साथ फेरे लिए। जब हथलेवा में कन्यादान का समय आया तो माल व अन्य समाज के लोगों ने जमकर कन्यादान दिया। ये राशि करीब 6 लाख तक पहुंची। विदाई की वेला के पूर्व दूल्हे के पिता को विवाह समिति के पदाधिकारियों ने साफा-तिलक लगाकर हमटुणी की रस्म निभाई। शाम को 4 बजे आंसुओं के साथ माता-पिताओं ने बेटियों को विदा किया।

## इन्होंने दिया नव विवाहितों को आशीर्वाद

इस मौके पर पूर्व मंत्री राजेंद्र गहलोत, पुष्कर सेवा सदन के अध्यक्ष ओमप्रकाश कच्छावा, सुनील परिहार, माली समाज मेड़ता अध्यक्ष गोरधनराम माली, नगर पालिका उपाध्यक्ष रामस्वरूप गहलोत, ज्योतिबा फुले संस्थान के अध्यक्ष पुखराज टांक, रामरतन गहलोत, जबरसिंह भाटी, लूणाराम सांखला, भारत चौहान, बस्तीराम सांखला, नेमीचंद सामरिया, पुखराज सांखला, अशोक गहलोत, नरेंद्र टाक, सत्यनारायण चौहान, बादरराम सांखला, रमजीराम गहलोत, मोतीराम पालड़िया, रामचंद्र जादम, चेतनप्रकाश भाटी, राजेश चौहान, फतेहराज भाटी सहित बड़ी तादाद में समाज बंधुओं न सभी जोड़ों के लिए मंगलकामनाएं की।

## तुलसी सहित 27 जोड़ों का हुआ विवाह.....

माली समाज के सामूहिक विवाह सम्मलेन के दौरान गणेश संग निर्मला, ताराचंद संग रेखा, मनीष संग पूजा, रामकिशोर संग रेखा, गिरधारीलाल संग नीतू, सुरेन्द्र संग सोनू, महेंद्रराम संग सुमन, सुशील संग सीमा, सुरेश संग संतोष, हरेंद्र संग गुड्डी, महेंद्र संग राजू, प्रकाश संग आशा व अमित कुमार संग संतोष जीवन साथी बने। इसी तरह श्रवणराम संग सुमन, मुकेश संग सुनीता, दिनेश संग करिश्मा, रामकिशोर संग कौशल्या, शिवजीराम संग समूड़ी, चैनाराम संग पूजा, रघुनाथ संग ममता, मुकेश संग सीमा, जगदीश संग रेखा, प्रेमप्रकाश संग सुमित्रा, मोहनराम संग लीला, दिनेश संग लक्ष्मी, बहादुर संग शामिल है।




## अजमेर में 14 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ

माली (सैनी) समाज एकता मंच अजमेर के तत्वाधान में दूसरा नि:शुल्क 14 जोड़ों का क्षैत्रिय फूलमालियान सामूहिक विवाह सम्मेलन बाबा रामदेव धाम राम सागर (फायसागर) अजमेर पर आज दिनांक 21 अप्रैल 2015 मंगलवार को सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमान् जी सुभाष सैनी एम.डी. गुरू प्रज्ञा ग्रुप, अध्यक्षता श्री नवीन कच्छावा, नवीन मोटर्स अजमेर, विशिष्ठ अतिथि श्री विजय कुमार बनिष्ठीया मार्बल व्यवसायी अजमेर, श्री सेवा राम दगदी प्रदेश अध्यक्ष ऑल इण्डिया सैनी समाज संस्था, त्रिलोक चन्द इन्दौरा पुलिस लाईन अजमेर, श्रीमति सुनिता चौहान, श्री राज इण्डियन ऑयल डाबी जिला बूंदी, शक्ति टाईल्स रिलायन्स फ्रेश नसीराबाद रोड अजमेर, श्रीमति प्रतिभा गहलोत गहलोत ऑटो मोबाईल सर्विस एण्ड गहलोत फोर्ट परबतपुरा अजमेर, सुनील गहलोत, भवन निर्माण कंसट्रक्शन कम्पनी कृष्ण गजं अजमेर, धर्मेन्द्र चौहान वरिष्ठ यांत्रिक अभियन्ता उ. प. रे चेतन सैनी सैनी टाईल्स एण्ड राज लक्ष्मी ट्रेडिंग सुभाष नगर अजमेर राजेश भाटी उदय गैस सर्विस शास्त्री नगर अजमेर, चांद मल उबाना (भोमजी फर्निचर, भोम जी स्वीटर्स) गहलोतों की डुंगरी अजमेर, राजेश सैनी संगम आर्किटेक्चर एण्ड इन्टिरियल डिजायनर जयपुर, उपस्थित थे, जिन्होंने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। समाज के हर वर्ग के अध्यक्षों का सम्मान किया गया जिसमें भाग चंद सांखला सतीश सैनी आदि।

सम्मेलन में प्रत्येक जोड़ों को 50000-55000/- पचास से पचपन हजार से अधिक तक के उपहार दिए गए। अंत में समाज के सभी भामाशाहों को कोटि-कोटि धन्यवादा ज्ञापित किया। मंच संचालक माखन लाल मारोठिया ने किया।

अंत में माली सैनी समाज के अध्यक्ष श्री सुभाष चन्द गहलोत व कार्यकारिणी के प्रमुखों ने सभी जोड़ों के मुखिया को साफा पहनाकर विदाई दी जिसमें संरक्षक महेश चौहान, कोषाध्यक्ष हेमराज सिसोदिया, राजेश जादम आदि।



## समाज रत्न स्व. बागड़ी की पुण्यतिथि पर 101 युवाओं ने किया रक्तदान




लक्ष्मणगढ़। समाजसेवी स्व. आनंदकुमार बागड़ी की प्रथम पुण्यर्तिथि आज सैनी भवन में 101 युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। जबकि सैनी समाज के नवनियुक्त 33 क्रमिकों का आयोजकों की ओर से स्वागत किया गया।

सैनी समाज महात्मा फूले व संतरादेवी आनंदकुमार बागड़ी मेमोरियल सेवा संस्थान लक्ष्मणगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रवासी अनिल कुमार बागड़ी ने की।

समाजसेवी श्री सुभाष सैनी मुख्य अतिथि समारोह में लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविंदसिंह डोटासरा, खेतीडी विधायक पूरणमल सैनी, लक्ष्मणगढ़ चैयरमेन दिनेश जोशी, रतनगढ़ चैयरमैन शिवभगवान कम्मां, प्रेमप्रकाश सैनी, रामगोपाल सैनी, जयपुर, सैनी समाज के अध्यक्ष श्री भगवान दत्त सैनी, महात्मा फूले समिति के अध्यक्ष श्री पूरणमल सैनी विशिष्ट अतिथि थे। अतिथियों ने महात्मा ज्योति बा फूले एवं स्व. बागड़ी की प्रमिमा पर पुष्पअर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। समारोह में पधारें अतिथियों का संस्थान एवं सैनी समाज के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। पत्रकार श्री बाबूलाल सैनी ने स्व. बागड़ी के जीवन पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।

सभी रक्तदाताओं का संस्थान की और से स्वागत एवं सम्मान किया गया। समारोह का सफल संचालन श्री महेन्द्र सिंह सैनी ने किया।

## सीकर में 46 युवाओं ने किया रक्तदान



सीकर। 21 अप्रेल, 15 को पिपराली रोड़ पर स्थित ज्ञान सरोवर शिक्षण संस्थान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संजीवनीक्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी के 8वें स्थापना दिवस पर कंपनी एवं शिक्षण संस्थान के कर्मचारियों ने रक्तदान किया।

शिविर में ज्ञान सरोवर के निदेशक श्री मुकेश कुमार सैनी एवं सोसायटी के एरिया मैनेजर श्री अमरसिंह की प्रेरणा से 46 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। संस्थान के प्रचार्या श्री ओ. पी. सैनी द्वारा सभी रक्तदाताओं को एवं इस पवित्र कार्य में लगी के. एन. मेमोरियल हार्ट एण्ड जनरल हॉस्पीटल का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज का रजत जयंति समारोह धूम धाम से संपन्न





दिल्ली। ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज की रजत जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय जागृति महासम्मेलन का आयोजन दिनांक 05 अप्रैल 2015 को नेहरू स्टेडियम आडिटोरियम, नई दिल्ली में बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर श्री स्वामी प्रसाद मौर्य, नेता विरोधी दल, उत्तर प्रदेश विधानसभा व श्री छगन भुजबल, पूर्व उप-मुख्यमंत्री महाराष्ट्र सरकार थे। समारोह का आरम्भ श्री सत्यपाल सैनी, सांसद सम्भल उ.प्र. द्वासरा ध्वजारोहण श्री राजकुमार सैनी, सांसद कुरूक्षेत्र द्वारा उद्घाटन करके किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश श्री कैलाश विजयवर्गीय मंत्री, श्री महेन्द्र हार्डिया, विधायक व ऑल इण्डिया सैना सेवा समाज के मुख्य संरक्षक श्री इन्द्रराज सिंह सैनी व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीपाल सैनी मौजूद थे। कलाकार शैलकुमारी शाक्य व उनके ग्रुप द्वारा ईश्वर वंदना प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे श्री कैशव देव मौर्य, सांसद उ.प्र. डॉ. धर्मसिंह सैनी, विधायक व पूर्व मंत्री, उ.प्र. का सम्मान बैज लगाकर व फुलमालाओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुशवाहा, सैनी, शाक्य, मौर्य वंश का इतिहास व संगठन के 25 वर्षो के कार्यो की रूपरेखा व भविष्य की योजनाएं टेलीफिल्म के माध्यम से प्रस्तुत की गई। समारोह में श्री जी.आर. खेरनार पूर्व उपायुक्त, महानगर निगम मुंबई को समाज रत्न अवार्ड व इक्यावन हजार को चैक दिया। 16 वर्ष की आयु में मेडिकल व 22 वर्ष की आयु में देश के सबसे कम आयु के [illegible] चयनित होने पर राजस्थान के रोमन सैनी को अद्भुत प्रतिभा के लिए समाज प्रतिभा अवार्ड देकर पुरस्कृत किया गया। इसके साथ-साथ प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं के लिए हरियाणा पूर्व सांसद सरदार गुरदयाल सैनी, राजस्थान के रोमन सैनी को अद्भुत प्रतिभा के लिए समाज प्रतिभा अवार्ड देकर पुरस्कृत किया गया। इसके साथ-साथ प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं के लिए हरियाणा पूर्व सांसद सरदार गुरदयाल सैनी, राजस्थान मोती बाबा फुले व अचलसिंह भाटी, हिमाचल प्रदेश पी.डी. सैनी, म.प्र. जगदीश सैनी व मीना मावर, पंजाब से सरदार तरसेमसिंह सैनी, बिहार संजय मालाकार, उ.प्र. डॉ महेन्द्र सैनी उ.ख. रामसिंह सैनी, तमिलनाडु वी.एम. पल्लवमोहन वर्मा, गुजरात हिमताजी कस्तूरजी गहलोत, डी.के. माली को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री छगन भूजबल ने सभी सैनी, माली, शाक्य, कुशवाहा, मौर्य, तिगला इत्यादि सभी स्वजातीय बंधुओं का आह्वाहन करते हुए पिछड़े वर्ग के लिए एकजुट होकर कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि हम चाहे किसी भी राजनैतिक दल, सामाजिक संगठनों से हों, लेकिन जब भी सामाजिक एकजुटता या अपने समाज के हक की बात हो तो हमें एकजुट होकर समाज की भलाई के लिए आवाज चाहिए। कुरूक्षेत्र से सांसद राजकुमार सैनी ने भी पिछड़े वर्ग के हक की आवाज उठाते हुए 27 प्रतिशत के आरक्षण में अन्य जातियों को सम्मालित न करने के माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय की प्रंशसा करते हुए सभी लोगों से इस लड़ाई हेतु संघर्ष करने का आह्वाहन किया और कहा कि यदि पिछड़े वर्ग के लोगों के हकों से कोई भी छेड़छाड़ करता है तो इसे बर्दाशत नहीं किया जाएगा और इस लड़ाई के लिए वो अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को तैयार है।

राजस्थान के पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत उतराखण्ड के पूर्व मंत्री श्री रामसिंह सैनी व पंजाब के पूर्व सांसद श्री चरणजीत सिंह उर्फ चन्नी बैंगलोर के पूर्व विधायक श्री एन.एल. नरेन्द्र बाबू ने अपने समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए सभी पदाधिकारियों को समारोह के सफल आयोजन पर शुभकामनाएं दी। संगठन द्वारा रजत जयंती के अवसर पर युवक/युवतियों के लिए वैवाहिक सम्बंधों हेतु सैनी स्मास्कि व समाज की स्मारिका डायरेक्ट्री का विमोचन किया गया। दोनों पत्रिकाओं का विमोचन मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि पत्रिका के सम्पादक श्री रामनारायण चौहान व श्री ग्यारसीलाल सैनी, सभी प्रदेशों के अध्यक्षों, पदाधिकारियों व राजनेताओं द्वारा किया गया। सम्भल-उ.प्र. से सांसद श्री सत्यपाल सैनी ने लोगों को सम्बोधित करते हुए अति पिछड़ा वर्ग का मुद्दा उठाते हुए इस दिशा में लोगों को अपनी आवाज उठाने को कहा व सभी पदाधिकारियों का कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी।





### संस्थान के महात्मा फूले को मिले भारत रत्न की मांग को देश भर संस्थाओं ने किया समर्थन

# सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के सुभाष सैनी बने अध्यक्ष

### माली सैनी हेल्प लाईन समाज के विकास, सुझाव एवं सहायता हेतु अनुपम पहल





माली सैनी समाज में सामाजिक व आर्थिक बदलाव को लेकर समाज ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। समाज ने सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिया फोरम की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सुभाष सैनी को सर्वसहमती से प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश कार्यकारिणी में जालोर के मुकेश सुन्देशा को प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की प्रदेश कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बनवारी लाल सैनी, इन्द्रराज सैनी पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता, रघुभाई देवड़ा सिरोही, रामगोपाल सैनी सीकर, मनफूल सैनी सहायक आयुक्त सेल टैक्स, उपाध्यक्ष पद पर महेश चौहान अजमेर, ओम तंवर जयपुर, बिड़दी चन्द सिमोदिया जयपुर, संगठन महामंत्री भभूताराम सोलंकी को बनाया गया। वहीं संगठन मंत्री बाबूलाल सैनी लक्ष्मणगढ़ व शंकर सैनी, प्रदेश महामंत्री पद पर राजेश सैनी व ओम राजोरिया व गुलाब गहलोत बीकानेर व दिनेश सैनी अजमेर, प्रदेश मंत्री निहाल चन्द, नरेन्द्र सैनी, महेन्द्र गहलोत, भगवान माली, नारायण लाल माली, जुगल किशोर, रामप्रसाद राक्स्या, भवानी शंकर माली, हनुमान सैनी, राजेन्द्र को बनाया गया। प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद पर मुकेश सुन्दैशा, मनीष गहलोत जोधपुर, व्यवस्था प्रमुख शशी मोहन सेनी, कार्यालय प्रमुख एसआर सैनी, सांस्कृतिक प्रमुख महेन्द्र सैनी, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मंजू सैनी, उपाध्यक्ष चंचल सैनी, महामंत्री सुनीता सैनी, मंत्री संतोष सैनी को नियुक्त किया।

इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सभी की एवं समाज की अपेक्षाओं पर मैं ही नहीं हम सबको खरा उतरना है हमारा उद्देश्य समाज की अन्य संस्थाओं से प्रतिर्स्पधा का नहीं है हम उनके साथ मिलकर कंधे से कंधा मिलकार कार्य करेगें तथा साथ ही हमारी संस्था समाज के सर्वागिण विकास के साथ ही समाज उत्थान एवं शिक्षा एवं विशेषकर माली समाज के उद्योग व व्यापार में परस्पर सामंजस्य स्थापित कर हम अन्य लोगों के साथ मिलकर नई तकनीक से अपने व्यवसाय को कैसे बढ़ा सकते है तथा अपने समाज के लोगों को आपस में कैसे जोड़ कर उद्योग एवं व्यापार के क्षेत्र में सहयोग कर विकास कर सकते है इसके लिए प्रयास कर सफलता प्राप्त करने का प्रयास करेगें। समारोह में विशेष बात यह रही कि यहां पधारें सभी जिलों के प्रतिनिधि मंडल ने समाज के विकास एवं उत्थान के बारे में विचार रखे यहां किसी भी प्रकार का मन-भेद व मतभेद नहीं दिखा सभी ने एक साथ मिलकर माली सैनी समाज के विश्व स्तर पर जनसंख्या के अनुरूप प्रतिनिधित्व की एक सुर में बात कही। समारोह में पधारें अतिथि विभिन्न राजनितिक पार्टी से संबधित थे लेकिन यहां वे केवल माली सैनी समाज के प्रतिनिधि के रूप में समाज के विकास के बारे में नि:स्वार्थ भाव से कार्य करने की भावना से आए थे जो कि समाज के अन्य आयोजन में देखने को नहीं मिलता है। इस अवसर पर माली सैनी समाज की हेल्पलाईन भी शुरू की गई जो कि हमारे समाज में प्रथम प्रयास है। संस्थान की और से छात्रवृति के कार्यक्रम भी आयोजित किया जाना प्रस्तावित है यहीं नहीं वर्तमान में संस्थान की और से समाज के करीब 5000 विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है जो एक अनुकरणीय प्रयास है। कार्यकारिणी गठन में समाज के सभी जिलों से आए प्रतिनिधियों का समाज के प्रति अपनत्व से ऐसा प्रतीत हो रहा है यह संस्था निश्चय ही समाज को नई दिशा देने में कामयाब होगी।

# बाण माता मेले में उमड़ा आस्था का रेला, मांगी खुशहाली








शिवगंज। माली समाज सेवा संस्थान की ओर से शनिवार को बाण माता मंदिर सुमेरपुर परिसर में आयोजित वार्षिक मेले में श्रद्धालु उमड़े। मेले में पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माताजी के प्रति आस्था प्रकट की। संत चेतनगिरी महाराज, पंछीदास महाराज के सानिध्य में मेले का शुभारंभ सुबह आठ बजे बाण माता की महाआरती व पूजा-अर्चना के साथ हुआ। मेले में समाज सुधर सम्मेलन का आयोजन भी हुआ, जिसमें साधु-संतों व अतिथियों ने समाज के विकास, बालिका शिक्षा व कुरीतियों को मिटाने पर जोर दिया।

समारोह के मुख्य अतिथि महात्मा 'योति बा फुले संस्थान जयपुर के अध्यक्ष मोतीलाल सांखला ने समाज की राजनीति गतिविधियों को मजबूत बनाने, संगाठित रहकर सामाजिक कार्यो को बढ़ावा देने के साथ बालकों की तरह ही बालिकाओं को उच्च शिक्षा दिलवाने का आह्वान किया। बाण माता मंदिर सेवा संस्थान के मुख्य संरक्षक शंकरलाल गहलोत ने कहा कि सामाजिक व धार्मिक आयोजनों से समाज को नई दिशा मिलती है साथ ही सेवा के भाव उत्पन होते है। उन्होंने समाज की सेवा को समर्पित रहने वाले व्यक्तियों की सराहना की एवं सभी दानदाताओं व अतिथियों का आभार जताया। मंदिर संस्थान के अध्यक्ष बंटी गहलोत ने साुध-संतों व मेले की व्यवस्था समाज बंधुओं की सराहना की। इस मौके मंच का संचालन एडवोकेट महेंद्र परिहार व मोहनलाल माली ने किया।

**माताजी से खुशहाली की कामना**

मेले में सुबह से शाम तक बाण माता मंदिर मे दर्शनार्थियों की भीड़ रही। इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने मंदिर की चौखट चूम कर कुलदेवी से खुशहाली के लिए मन्नत मांगी। मंदिर में दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक दर्शनार्थियों की भीड़ नजर आई। दोपहर को प्रसादी वितरण की गई, जिसमें बडत्री संख्या में मेला थीं मौजूद रहे। शाम 5 बजे महोत्सव का समापन हुआ। महोत्सव में माली समाज की महिलाएं, युवतियां एवं बच्चे नई पोशाकें पहन सज-धज कर शामिल हुए। मेला स्थल व मंदिर परिसर को माला मंडप व रोशनी से आकर्षक रूप से सजाया गया।

**भजजों की प्रस्तुतियों ने बांध समां**

मेले की पूर्व संध्या पर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें रामेश्वर माली एंड पार्टी सेवाडत्री, एडवोकेट प्रकाश माली एंड पार्टी मुंबई व आशा वैष्णव एंड पार्टी अहमदाबाद के गायक व नृत्य कलाकारों ने देर रात तक भजनों व नृत्यों की प्रस्तुतियों दी। गायकों ने माता थारे दरबार में कोई खाली हाथ न जाएं..., मां आज तनै आवणो पड़ेला..., गीतों की प्रस्तुति देकर पूरे पंडाल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम रात 9 बजे शुरू, जो मध्यरात्रि तक चला। कार्यक्र में समाज की ओर से संस्थान के मुख्य संरक्षक शंकरलाल गहलोत ने महात्मा 'योतिबा फुले संस्थान के अध्यक्ष मोतीलाल सांखला को शॉल औढ़ा कर धर्मगुरू घोषित किया गया।

**मेले में इनका हुआ स्वागत सत्कार**

समारोह में जालोर नगर परिषद अध्यक्ष भंवरलाल माली, माली समाज शिवगंज अध्यक्ष मांगीलाल गहलोत, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल गहलोत, नारायणलाल परिहार, 'योतिबा फुले शिक्षण संस्थान कोलीवाड़ा के अध्यक्ष मांगीलाल परिहार, सामूहिक विवाह आयोजन समिति के महामंत्री शंकरलाल सुंदेशा, मंत्री गणेश भाटी, नगर पालिका पार्षद लक्ष्मण परिहार, सुरेश कुमार माली, अल्पेश कुमार, फालना माली समाज शिक्षा प्रचारक संघ के पूर्व अध्यक्ष रावाराम देवड़ा, पन्नालाल माली, मोहनलाल, बाण माता संस्थान के पूर्व अध्यक्ष रूपाराम परिहार, रतनलाल गहलोत, चंपालाल गहलोत, रमेश कुमार खुशालराम, दिलीप गहलोत, तेजाराम गहलोत, धुलाराम देवड़ा, हिम्मतराम परमार पोसालिया, नेनाराम बडगांव, प्रकाश कुमार कानपुरा, शांतिलाल खिवांदी, कालुराम गहलोत, हिंदूराम, रणजीत कुमार, कमलेश कुमार, मांगी बाई, कमला बाई, रमिला, रिंकु का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया।

## प्रकाश माली बने अध्यक्ष




सिरोही। भारत विकास परिषद की ओर से सिरोही शाखा के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से प्रकाश बी माली को नियुक्त किया गया है। निवर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र पुरी ने बताया कि वर्ष 2015-16 के लिए महावीरसिंह चौहान चुनाव अधिकारी एवं डॉ. श्रीराम की अध्यक्षता में चुनाव आयोजित करवाए गए, जिसमें सर्वसम्मति से प्रकाश बी. माली को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। आनंद मिश्रा को सचिव, कमलकांत को कोषाध्यक्ष, डॉ. जावेद सहसचिव, प्रीतम काशिवा व संदीप अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। राजेंद्रपुरी एवं रमेश कोठारी को संरक्षक बनाया गया। इसी प्रकार खुशवंतसिंह, डॉ. संजीव जैन एवं शंकरलाल माली सलाहकार चुने गए।

## सैनी समाज कल्याण संस्था, अजमेर

# संस्था के प्रयासों से मिल रही है जरुरतमंद को मदद

अजमेर। हमारे समाज में कई लोगो को देखते है जिनका पूरा जीवन बचपन, जवानी, बुढापा संघर्ष में बितता है। दु:ख तकलीफ आर्थिक तंगी बिमारी उनकी पीठ पर हमेशा बेताल बनकर सवार रहती है । आर्थिक महत्व के इस युग में ऐसे लोग समाज की मुख्य धारा से बहुत पिछे रह जाते है । यदि इसी श्रेणी में आने वाले किसी बुजुर्ग विधवा महिला को प्रति माह घर बैठे 7455रु. मासिक आमदनी का स्रोत जीवन भर हेतु मिल जाए और 9 वर्ष का 5लाख 76हजार रुपये एरियर के मिल जाये तो उसके चेहरे पर खुशियां अवश्य लौटेगी और उसकी आंखों में आंसु होगें ।

अजमेर निवासी एक 70 वर्षीय विधवा महिला जिसका पति खुली मजदूरी कर गुजर बसर करता था, वर्ष 1998 में पति के देहान्त के बाद उसकी जिन्दगी एकदम से नरकीय हो गई कांच बटन व तुरपाई करके अपना जीवन व्यतीत करने लगी तथा बेहद गरीबी में किसी प्रकार अपना गुजर बसर कर रही थी । अजमेर में कार्यरत सैनी समाज कल्याण संस्था जो समाज के बुजुर्ग, विधवाओं, विकलांगों एवं बिमारों की मदद का गत छ: वर्षो से सफलतापूर्वक संचालन कर रहे है, संस्था सचिव श्री मोती सिंह सैनी इस महिला के घर गये, इसकी दयनीय दशा देखी कमजोर हाथों में सुई चुभने के निशान,, इस उम्र में कच्चे चुल्हे पर खाना बनाना, ईधर उधर से लकड़िया बीनकर लाना । तो सबसे पहले तत्काल राहत के तौर संस्था की और से मासिक पेंशन शुरु की गई । उसके बाद जानकारी लेने पर पता चला कि इस महिला के पिता रेलवे में नौकरी करते थे तथा वर्ष 1977 में सेवानिवृत हुए थे व वर्ष 1984 में देहान्त हो गया । इसकी माताजी का देहान्त वर्ष 2006 में हो गया था। अत: नियमानुसार इसे स्व.रेलकर्मी की विधवा पुत्री होने के नाते परिवार पेंशन मिल सकती थी । संस्था सचिव व उनकी टीम ने परिवार पेंशन की कार्यवाही शुरु करवाई, बैंक से भी इसके मातापिता का रिकार्ड निकलवाया तथा समय समय पर मामले की जानकारी लेते रहे । संस्था की कोशिश ईश्वर की कृपा से रंग लाई व इसकी माताजी के देहान्त के अगले दिन से 9 वर्ष का 5लाख 76हजार रुपये एरियर के मिले व 7455 रु. मासिक परिवार पेंशन जीवनपर्यन्त हेतु शुरु हुई । नियमित आमदनी व इतनी बड़ी राशि पाकर इस महिला के चेहरे की खुशियां देखने लायक थी सबसे पहले इस महिला ने गैस चुल्हा खरीदा । क्योंकि आज के बाद उसे किसी के आगे हाथ फैलाना नहीं पड़ेगा व पूर्ण स्वाभिमान से अपना बाकि जीवन ईश्वर भक्ति कर गुजार सकेगी ।



अजमेर माली समाज ने इस सेवा कार्य हेतु संस्था को बहुत-बहुत धन्यवाद व साधूवाद दिया । उल्लेखनीय है कि संस्था ने ऐसे कई बेहद गरीब विधवाओं, विकलांगों व नेत्रहीनों की किस्मत बदली है । जो आज आराम से अपना जीवन यापन कर रहे है । सुभाषनगर, अजमेर की एक 74 वर्षीय राजपूत समाज की विधवा महिला जिसका पति हवलदार से वर्ष 1969 में सेवानिवृत हुए थे व वर्ष 2008 में देहान्त हो गया पति की मृत्युपरांत पति की पेंशन के लिए छ: वर्षो से दर दर भटक रही थी, समाज की एक महिला उसको लेकर संस्था सचिव श्री मोती सिंह सैनी के पास आई । उसका पति की पेंशन हेतु आवेदन कराया विभाग ने टाल मटोल करने की कोशिश की रक्षामंत्री को शिकायत करी । शिकायत पर तुरन्त ही कार्यवाही हुई जो पहले टालमटोल कर रहे थे उन्होने ही तुरन्त ही उसकी परिवार पेंशन शुरु करी । आज वो बुजुर्ग महिला सुख चैन से अपना जीवनयापन कर रही है । ऐसे अनेकों उदाहरण संस्था के पास है जिनका संस्था के प्रयासों सें सुख के दिन आये है । संस्था द्वारा ऐसे पुण्य के कार्य निस्वार्थ भाव से



# माली समाज मुंबई का क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न



मुंबई। माली समाज मुंबई के लिए मीरा-भायंदर के द्वारा आयोजित प्रथम माली प्रीमियम लोग क्रिकेट टूर्नामेंट का सेंटर रेल्वे स्पोर्ट ग्राउंड परेल में भव्य और सफल आयोजन हुआ। समारोह में सभी मैचों में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने माली समाज मुंबई के अध्यक्ष उम्मेद माली उपस्थित रहे और अन्य माली संस्थान के कार्यकर्त्ता और समाजसेवी भी उपस्थित रहे।



पुरे कार्यक्रम में कॉमेंट्री और मंच संचालन भंवर माली राष्ट्रीय उद्घोषक फालना और प्रकाश एडवोकेट ने की। पूरे २ दिन मीरा भायंदर के आयोजक कार्यकर्ता कमलेश कच्छवाह, राकेश कच्छवाह, पारस सोलंकी, भरत सोलंकी, सुरेश सोलंकी, मुकेश, हरीश और अन्य कार्यकर्त्ताओं ने बहुत अच्छा और सफल आयोजन किया। मुंबई की १२ अलग-अलग टीमों ने भाग लिया। जिसमें केडीएम की टीम विजेता और युवासंघ जोगेश्वरी उपविजेता रही। समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में समापन समारोह हुआ। विजेता और उपविजेता को ट्रॉफी और नगद इनाम दिया गया। पुरे कार्यक्रम और मैचों का लाइव टेलीकास्ट और ऑनलाइन स्कोर, दरगाराम, हिरालाल, सोहन, बलवंत, मंगलेश, मंच्छाराम, अर्जुन, रणजीत और युवासंघ टीम जोगेश्वरी के द्वारा किया गया।

**श्री चैनाराम परिहार के राजस्थान माली समाज, मुंबई के अध्यक्ष बननें पर**

**← हार्दिक बधाई एवं सम्मान करते समाज बंधु**






# प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित




सरदारशहर। 6 अप्रेल को बाल विहार में समाजसेवी स्व. महावीर प्रसाद सैनी की स्मृति में प्रतिभा सम्मान समारोह सैनी परिवार की ओर से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर समाज सेवी सीताराम सैनी ने कहा कि समाज में प्रतिभावान छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए हमारे परिवार द्वारा यह परम्परा कई वर्षो से चली आ रही है। इसका उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना है। उन्होंने विद्यार्थी काल के जीवन का स्वर्णिम बताते हुए युवाओं को मेहनत करते हुए बेहतर जीवन की दिशा तय करने की बात कही। इस अवसर पर सैनी परिवार द्वारा की जा रही अन्य गतिविधियों का प्रतिवेदन विनयकुमार सैनी ने प्रस्तुत किसर। समारोह में सीताराम सैनी, शिवभगवान सैनी, परमेश्वरलाल सैनी, बाबूलाल सैनी, रामनिवास सैनी, विनयकुमार सैनी, मोनिका सैनी, राधा सेनी, सपना आदि ने भाग लिया।




# सांवरिया सेठ ने भरा नानी बाई का मायरा

## जोधपुर रोड स्थित अमृत कॉलोनी में नानी बाई का मायरा कथा का समापन, उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

मेड़ता सिटी। जो मनुष्य ईश्वर की भक्ति सच्चे हृदय से करता है उस व्यक्ति का जीवन खुशियों व उमंग से भरा रहता है। नृसिंह भक्त ने अपना सब कुछ लुटाकर ईश्वर की भक्ति की थी और जब नानी बाई की भक्ति की थी और जब नानी बाई के मायरे का अवसर आया तो भगवान श्रीकृष्ण ने खुद उपस्थित होकर मायरा भरा था। इसलिए मनुष्य को चाहिए कि भरा था। इसलिए मनुष्य को चाहिए कि बिना किसी चिंता के ईश्वर की भक्ति करें जीवन में मंगल ही मंगल होगा। यह बात जोधपुर रोड पर स्थित अमृत कॉलोनी में तीन दिवसीय नानी बाई को मायरो कार्यक्रम के अंतिम दिन रामप्रसाद महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि मुंह से ऐसी कड़वी बात नहीं निकाले की बाद में पछताना पड़े। नृसिंह भक्त के लिए भी संसार के लोगों ने कड़वी और अहंकार से भरी बाते करी और जब अवसर आया तो कड़वी बात कहने वालों और अहंकार करने वालो को लज्जित होना पड़ा। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को जब अच्छा अवसर मिलता है तो उसका फायदा उठा लेना चाहिए। क्योंकि गए हुए दिन लौटाकर नहीं आते। इसलिए जब भी कोई धार्मिक या परमार्थ कार्यक्रम हो तो उसका हिस्सा बन जाना ही उचित है। कार्यक्रम के अंत में होरिया में उड़े रे गुलाल गीत के बोल पर श्रद्धालुओं ने नृत्य कर खूब आनंद लिया। कार्यक्रम में रमाशंकर महाराज, तपस्वी राम, देवली धाम के उत्तराधिकारी रामदास शास्त्री, और राजस्थान प्रदेश के माली समाज के अध्यक्ष ओमकारराम कच्छावा, नागौर माली समाज 6 गांव के अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा, पीपाड़ सिटी के पूर्व चैयरमेन बाबूलाल टाक, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रेमराज दग्दी, मेड़ता माली समाज के अध्यक्ष गोरधन टांक, जब्बरसिंह भाटी, राजू सांखला, नेमीचंद सामरिया, रामस्वरूप गहलोत, अमित टाक, पुखराज टाक, रामचंद्र जादम, रामरतन गहलोत, कैलाश टाक, मोतीलाल पालड़िया, राजेश चौहान, भारत माली, चैनकरण गहलोत, ताराचंद मारोठिया, ताराचंद कच्छावा, भागीरथ कड़वासरा सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची


श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा

श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर

श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर

# माली सैनी सन्देश

## ही क्यों ?










**क्योंकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

**क्योंकि**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे देश ही नहीं विदेश में भी।

## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत 8 वषो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गों में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब-साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई-पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई- पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

### सदस्यता राशि

| दो वर्ष रु. 300/- | पांच वर्ष रु. 700/- | आजीवन रु. 3100/- |
|---|---|---|

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन./मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि ( रूपये ) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ ( डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें )

**अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : - प्रसार प्रभारी

**माली सैनी संदेश पोस्ट बॉक्स नं. 9, जोधपुर**

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर ( राज. )

Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com
www.malisaini.org E-mail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, 92140 75464
log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर






पुष्कर में आयोजित समारोह की झलकियां









ऑल इण्डिया सैनी समाज रजत जयंती समारोह





RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

माली समाज गौरव, मारवाड़ के गांधी पूर्व मुख्यमंत्री

# श्री अशोक गहलोत

## के 65 वें

## जन्म दिवस की हार्दिक बधाई

**शुभेच्छु : माली सैनी संदेश परिवार**



**गहलोत का राज जैसे राम का सुराज**

एक देखी थी बुढिया, जिसकी तार-तार फरियाँ।
हिल रही थी, नार, जाके शीश पै गठरियाँ।।
हम बोले कि माँ इस कदर क्यों मरती हो।
उमर का ख्याल नही वजन भारी धरती हो।।
यह सुनके वो पोपली माँ मुस्काई।
गहलोत है नेक कुछ खूबियाँ बताई।।
मैंने एक इंसान को देखा।
और उसके श्रमदान को देखा।।
राजस्थान की धरती और भारत माँ को देखा।
गहलोत का राज जैसे राम का सुराज।
योजना अनन्त जैसे खिल रहा बसंत
भूखे को रोटी और गरीब को मकान।
डिग्री को नौकरी और साक्षर को दुकान।।
विकास की भगीरथी जो बन गया नरेगा।
चयनित की बहार में भूर रही झोरी।
चीनी तेरह ने सेर, गेहूँ दो सौ में बोरी।।
लग रहे पेड और महक रहे जंगल।
झूमेंगे बादल लोग गायेंगे मंगल।।
जय हो मेरा भारत और जय-जय राजस्थान।
पर्यावरण शुद्ध हो जो देश की है जान।।
अशोक के सपनों के हम सभी भी सजायेंगे।
गायेंगे माली सैनी, पेड़ कुछ लगाएंगे।

स्वत्वाधिकारी सम्पादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक मनीष गहलोत के लिए
भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर 7,
जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 9414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR



log on : www.malisainisandesh.com; www.malisaini.org